सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0

7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001

Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांकः 161 / सो.आ.नि.– 3 / 501 / 2020

दिनाँकः 03 जुलाई, 2020

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिला विकास अधिकारी,
(गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, हापुड एवं कासगंज को छोड़कर)
उत्तर प्रदेश।

विषयः– महात्मा गॉधी नरेगा योजना अन्तर्गत समवर्ती सोशल आडिट के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्र सं0 86 / सो0आ0नि0–3 / 501 / 2020 दिनांक 04–06–2020 एवं 113 / सो0आ0नि0–3 / 501 / 2020 दिनांक 16–06–2020 का संदर्भ ग्रहण करें, उक्त पत्र महात्मा गॉधी नरेगा योजनान्तर्गत जनपदों में समवर्ती सोशल आडिट किए जाने के संबंध में है। जनपदों से प्राप्त हो रही रिपोर्टो का परीक्षण करने पर फार्मेट– 01, 02 एवं साप्ताहिक रिपोर्ट के बिन्दु सं0 4 को और अधिक स्पष्ट करने के लिए अद्यतन किया जाना आवश्यक है, जिसके लिए बिन्दु सं0 4 में संशोधन किया जा रहा है।

पूर्व में बिन्दु सं0– 4	**परिवर्तन के पश्चात बिन्दु सं0 4**
4.क. मौके पर कार्यरत मजदूर की सं0 4.ख. मस्टररोल पर उपस्थिति दर्ज श्रमिकों की सं0 (क एवं ख में भिन्नता होने पर एमआर सं0 सहित विवरण उपलब्ध कराएं)	4(क) मनरेगा वेबसाईट की रिपोर्ट सं0 6.15 के अनुसार ग्राम पंचायत में नियोजित श्रमिकों की संख्या 4(ख) मौके पर कार्यरत मजदूरों की संख्या व नाम (जाबकार्ड से मिलान) 4(ग) मस्टर में उपस्थिति दर्ज श्रमिकों की संख्या व नाम 4(घ) NMMS (New Mobile Monitoring System) से श्रमिकों की उपस्थिति ली गयी है, या नहीं यदि नहीं तो क्या कारण है (4(ख) एवं 4(ग) में भिन्नता होने पर एम0आर0 संख्या सहित विवरण उपलब्ध कराएं)

अतः आपसे अनुरोध है कि पूर्व में उपलब्ध कराए गए बिन्दु सं0 4 को अद्यतन करते हुए समवर्ती सोशल आडिट सम्पन्न कराएं तथा जनपदों में सम्पादित की जा रही समवर्ती सोशल आडिट की ग्राम पंचायतवार स्कैन रिपोर्ट (प्रारूप–2) को प्रतिदिन एवं प्रत्येक सप्ताह के सोमवार से शनिवार तक की संकलित रिपोर्ट को प्रत्येक सोमवार को निदेशालय की वेबसाइट www.socialauditup.in पर अपलोड कराएं एवं साप्ताहिक रिपोर्ट को ई–मेल के माध्यम से पूर्व की भांति उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

02.07.2020

(योगेश कुमार)
निदेशक